सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत

पंजी क्रमांक (8)
ऊर्जा विभाग (तकनीकी शाखा)
दिनांक 26/4/17

1772
26/4/17

प्रति,

जन सूचना अधिकारी,

सचिव, ऊर्जा विभाग

छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय - महानदी भवन रायपुर (छ.ग.)
- नया रायपुर -

विषय:- मड़वा थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के निर्माण काल से लेकर अब तक हुई कार्यवाही की जानकारी बाबत् ।

महोदय,

निवेदन है कि जांजगीर-चांपा जिलान्तर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर (A CG Govt undertaking) द्वारा स्थापित हो रहे मड़वा पॉवर प्रोजेक्ट के निर्माण काल से लेकर अब तक की गई समस्त कार्यवाही जिसमें बजट प्रावधान, व्यय, लागत मूल्य एवं कार्यक्षमता - उत्पादन क्षमता शामिल हो, की विस्तृत जानकारी प्रदान करने की कृपा करेंगे।

धन्यवाद/सादर

संलग्न:

पोस्टल ऑर्डर @ 10

क्रमांक - 42F 191864

दिनांक 25/04/2017

भवदीय

(हस्ताक्षर) 24.04.17

नितिन राजीव सिन्हा

म.नं. 31, स्टेट बैंक कॉलोनी

सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.)

<u>सूचना का अधिकार प्रकरण</u>

छत्तीसगढ़ शासन
ऊर्जा विभाग, मंत्रालय,
महानदी भवन, नया रायपुर

O/o CE (HR)
C.S.P.G.C.L., RAIPUR
Rect. No. 3641
Date 03.5.17

क्रमांक 1249/एफ–31/08/आरटीआई/तेरह–2/2017    नया रायपुर, दिनांक 01-05-17

प्रति,

जन सूचना अधिकारी
कार्या0 प्रबंध निदेशक
छ0रा0 विद्युत उत्पादन कंपनी मर्या0
डंगनिया, रायपुर

**विषयः**– सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी बाबत्– द्वारा श्री नितिन राजीव सिन्हा।

––00––

विषयांतर्गत श्री नितिन राजीव सिन्हा द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत ऊर्जा विभाग में प्राप्त आवेदन 08/2017 से पंजीकृत किया गया है।

उपरोक्त आवेदन पत्र (संलग्न) में चाही गई जानकारी का निकटतम संबंध छ0रा0 विद्युत उत्पादन कंपनी मर्या0 से है। अतः सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (3) के तहत आवश्यक कार्यवाही हेतु आवेदन मूलतः अंतरित किया जाकर समय सीमा मे आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध है।

संलग्न– आवेदन पत्र

(मनोज कोशले)
जन सूचना अधिकारी एवं
कार्यपालन अभियंता
ऊर्जा विभाग

पृ0 क्रमांक    /एफ–31/08/आरटीआई/तेरह–2/2017    नया रायपुर, दिनांक

प्रतिलिपि–

1. लेखाधिकारी, छ0ग0 शासन, लेखा शाखा, मंत्रालय, नया रायपुर की ओर श्री नितिन राजीव सिन्हा द्वारा आवेदन शुल्क रूपये 10/– का भारतीय पोस्टल आर्डर क्र0 42एफ 191864 मूलतः आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।
2. श्री नितिन राजीव सिन्हा, मं. नं. 31, स्टेट बैंक कॉलोनी, सुन्दर नगर, रायपुर (छ0ग0) की ओर आवेदन दिनांक 24.04..2017 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित। आपका आवेदन उपरोक्तानुसार अंतरित किया गया है। कृपया समय सीमा में सूचना प्राप्त न होने पर उक्त कार्यालय के अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील करने का अनुरोध है।

जन सूचना अधिकारी
ऊर्जा विभाग

DGM-I
M-II
M-III
M-IV

EE 04/5/17 AE 04/05/17 PRG-I

सी एस पी जी सी एल
C PGCL

# छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित

*(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)*

क्रमांक 03–05 / ज.सू. / 05 / 17 / 162 रायपुर, दिनांक 17 MAY 2017

O/o CE(HR) C.S.P.G.C.L. RAIPUR Rect. No. 4017 Date 18.5.17

प्रति,

**श्री नितिन राजीव सिन्हा**
**म.नं. –31, स्टेट बैंक कालोनी,**
**सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.)**

**विषयः– सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत् जानकारी विषयक।**

संदर्भः– 1. आपका आवेदन दिनांक 25.04.2017 ।

2. जनसूचना अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता, ऊर्जा विभाग, नया रायपुर का पत्र क्र.1249 दिनांक 01.05.2017।
3. जनसूचना अधिकारी सह प्रबंधक(मा.सं.),कार्या.मुख्य अभियंता (मा.संसा.), छ.रा.वि.उ.कं.मर्या.रायपुर का पत्र क्र. 1989 दिनांक 06.05.17।

विषयांतर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आपका आवेदन दिनांक 25.04.2017, इस कार्यालय में अंतरित प्रकरण के तहत् दिनांक 06.05.2017 को प्राप्त हुआ है, जिसे प्रकरण क्रमांक 05 / 17, दिनांक 06.05.2017 के द्वारा पंजीबद्व किया गया है। छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक F-2-10/2008/1-RTI दिनांक 15.06.2009 के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत् एक आवेदन द्वारा सामान्यतः अधिकतम 150 शब्दों में तथा एक विषय से संबंधित जानकारी मांगी जा सकती है। आपके आवेदन दिनांक 25.04.2017 में मड़वा परियोजना के निर्माण काल से लेकर अब तक की गई समस्त कार्यवाही से संबंधित जानकारी चाही गई है, जो कि किसी एक विषय पर नहीं है। अतः आपके द्वारा वांछित प्रथम विषय वस्तु से संबंधित जानकारी निम्नानुसार दी जा रही हैः–

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत मड़वा पॉवर प्रोजेक्ट के निर्माण हेतु रू. 7086 करोड़ का बजट प्राक्कलन तैयार किया गया था जिसे समय–समय पर संशोधित किया गया है।

अन्य जानकारियों के संबंध में आपको सलाह दी जाती है कि सूचना का अधिकार अधिनियम –2005 के तहत् अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत कर वांछित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रथम अपीलीय अधिकारी बाबत् जानकारी निम्नानुसार हैः–

श्री आर.के.श्रीवास
अधीक्षण अभियंता, कार्यालय मुख्य अभियंता(पी.आर.जी.–एक)
छ.रा.वि.उत्पा.कं.मर्यादित
प्रथम तल विद्युत सेवा भवन, डंगनिया, रायपुर –492010

DGM-I M-II M-III M-IV

AE-(I) 19/05/17

**(राकेश राय)**
**जनसूचना अधिकारी सह कार्यपालन अभियंता**
**कार्या.मुख्य अभियंता (पी.आर.जी.–एक)**
**छ.रा.वि.उ.कं.मर्या.,रायपुर**

**प्रतिलिपिः–**

1. जनसूचना अधिकारी सह प्रबंधक(मा.सं.),कार्या.मुख्य अभियंता (मा.संसा.), छ.रा.वि.उ.कं.मर्या.,रायपुर ।
2. जनसूचना अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता, ऊर्जा विभाग, महानदी भवन, नया रायपुर, छ.ग.।

101, विद्युत सेवा भवन डंगनिया, रायपुर – 492 013; CIN No. U40108CT2003PLC015821
फोन : 0771-2574521; फैक्स : 0771-2574534; ई–मेल : prg.cspgcl@gmail.com; web site : www.cseb.gov.in

D:\RTI\RTI

RTI – 441-17

सी एस पी जी सी एल
CSPGCL

# छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

क्र. 03–11/सू.अधि./41–17/ 1989 रायपुर, दिनांक 06.05.17

प्रति,

जनसूचना अधिकारी
कार्या.–मुख्य अभियंता (परियोजना–एक),
छ.रा.वि.उ.कं.मर्या., रायपुर।

**विषयः**–सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी विषयक।

**संदर्भः**–1. मनोज कोशले, जनसूचना अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता ऊर्जा विभाग नया रायपुर के पत्र क्र. 1249 दिनांक 01.05.2017

**2.** श्री नितिन राजीव सिन्हा, म.नं.–31, स्टेट बैंक कालोनी सुन्दर नगर रायपुर छ.ग. का पत्र क्र. निरंक दिनांक निरंक एवं इस कार्यालय का पंजीयन क्र. 41–17 दिनांक 04.05.2017।

–::000::–

विषयांतर्गत, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत श्री नितिन राजीव सिन्हा, का आवेदन इस कार्यालय में संदर्भित पत्र क्र. 01 के माध्यम से दिनांक 03.05.2017 को इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है, जिसे प्रकरण क्रमांक 41–17, दिनांक 04.05.2017 के द्वारा पंजीबद्ध किया गया है। आवेदक द्वारा चाही गई जानकारी आपके कार्यालय से संबंधित है। अतः सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा (6) की उपधारा (3) के प्रावधानों के अधीन उक्त आवेदन आपको अंतरित किया जाता है एवं अनुरोध है कि वांछित जानकारी आवेदक को इस कार्यालय के सूचनाधीन, सीधे आवेदक को उपलब्ध करावें।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार।**

R. Jha 06/05/17

राजीव झा
**जनसूचना अधिकारी, सह प्रबंधक (मा.सं.)**
**कार्या.– मुख्य अभियंता (मा.संसा.),**
**छ.रा.वि.उ.कं.मर्या., रायपुर**
**दूरभाष क्रमांक 0771–2574081**

**प्रतिलिपिः–**

1. श्री नितिन राजीव सिन्हा, म.नं.–31, स्टेट बैंक कालोनी सुन्दर नगर रायपुर छ.ग. को उनके आवेदन के संबध में सूचनार्थ। आपके द्वारा वांछित जानकारी, "**जनसूचना अधिकारी, कार्यालय**–कार्या.–मुख्य अभियंता (परियोजना–एक), छ.रा.वि.उ.कं.मर्या., रायपुर को अंतरित कर दी गई है। उक्त जानकारी प्राप्त करने हेतु कृपया आप उपरोक्त कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करने का कष्ट करें।
2. मनोज कोशले, जनसूचना अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता ऊर्जा विभाग नया रायपुर छ.ग.।